उत्तर प्रदेश में किए जा चुके फिल्मांकन/आगामी फिल्मांकन के लिए अनुवृत्ति प्राप्त करने हेतु दिशानिर्देश

चरण 1 - सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम पर पंजीकरण कराएं

- पंजीकरण करने के लिए, निर्माता का नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, स्थायी पता, संगठन का प्रकार/प्रोडक्शन हाउस का नाम एवं कैप्चा संबंधित क्षेत्रों में दर्ज करें
- इसके बाद, दर्ज किये गए मोबाइल नंबर को वन टाइम पासवर्ड (ओ.टी.पी.) के माध्यम से सत्यापित किया जाएगा
- सत्यापन होने के बाद, पंजीकरण पूर्ण हो जाएगा तथा लॉग इन की जानकारी पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं इमाल आईडी पर भेज दी जाएगी

चरण 2 – लॉग इन

- संबंधित क्षेत्रों में अपना पंजीकृत ईमेल आईडी, पासवर्ड एवं कैप्चा भरें तथा लॉग इन बटन पर क्लिक करें | इसके बाद, आपको डैशबोर्ड पर पुनर्निर्देशित किया जाएगा |
  -अथवा-
- ओ.टी.पी. सत्यापन के माध्यम से लॉग इन करने हेतु, अपना ईमेल आईडी भरें और संबंधित लिंक पर क्लिक करें | इसके बाद, पंजीकृत ईमेल आईडी पर ओ.टी.पी. प्राप्त होगा जिसे संबंधित क्षेत्र में भरने पर सत्यापन पूर्ण हो जाएगा |

ध्यान दें: सुरक्षा कारणों से आपको अपने प्रथम लॉग इन पर स्व – उत्पन्न पासवर्ड को बदलना होगा |

चरण 3 – फिल्म प्रोफाइल बनाएं

लॉग इन के बाद, आवेदक को डैशबोर्ड पर पुनर्निर्देशित किया जाएगा | किनारे उपलब्ध 'फ़िल्म विवरण दर्ज करें' मेन्यू पर क्लिक करें जिसके बाद स्क्रीन पर फॉर्म दिखाई देगा। फॉर्म को 04 भागों में विभाजित किया गया है जिनमें निम्नलिखित विवरण की आवश्यकता है:

क) फिल्म का विवरण

- निर्माता को निम्नलिखित विवरण भरना होगा:
  - फिल्म का नाम / शीर्षक
  - बैनर का नाम
  - फिल्म की भाषा
  - फिल्म प्रकार
- इसके साथ, आई एम पी पी ए /डब्ल्यू आई एफ पी ए/अन्य द्वारा निर्गत फ़िल्म के नाम/शीर्षक का प्रमाणपत्र, फिल्म का सार, फिल्म की पटकथा (संवाद सहित) एवं स्क्रीन राइटर्स एसोसिएशन, मुंबई द्वारा जारी प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप एवं आकर में अपलोड करें |

ख) स्टाफ विवरण

- आवेदक को निम्नलिखित विवरण भरना होगा:
  - क्रू सदस्यों का नाम, अनुभव और जन्म स्थान
  - उत्तर प्रदेश या किसी अन्य राज्य से संबंधित अभिनेताओं और अभिनेत्रियों का नाम और पता
  - पैन कार्ड संख्या
  - जीएसटीआईएन संख्या

हर क्रू सदस्य, अभिनेताओं और अभिनेत्रियों का विवरण Add (+) बटन पर क्लिक करके अलग से दर्ज करना होगा ।

- साथ ही, निम्नलिखित पत्रों की स्कैन की हुई प्रतियों को पीडीएफ / जेपीईजी / जेपीजी प्रारूप में स्कैन करें, जिनका आकार प्रत्येक 2 एमबी से अधिक नहीं होना चाहिए:
    - सभी क्रू सदस्यों का बायो डेटा
    - स्व-प्रमाणित प्रमाण कि आवेदक एक राष्ट्रीय/अन्तराष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्माता/निर्देशक है (यदि लागू हो)
    - उत्तर प्रदेश से संबंध रखने वाले अभिनेताओं और अभिनेत्रियों का निवास प्रमाण पत्र
    - पैन नं०
    - जीएसटीआईएन प्रमाणपत्र
    - पिछले तीन वर्षों का आयकर रिटर्न

ग) निर्माण का विवरण

- आवेदक को निम्नलिखित विवरण भरना होगा:
    - अनुमानित / फिल्म की कुल अवधि (घंटे: मिनट में)
    - फिल्म की शूटिंग की अवधि (दिन, घंटे और मिनट)
    - उत्तर प्रदेश में फिल्मांकन की पालियाँ (भीतरी और बाहरी सहित)
    - प्रथम फिल्मांकन, अंतिम फिल्मांकन और स्क्रीनिंग की तिथि
    - यूनिट के सदस्यों की संख्या
    - तकनीकी कर्मचारियों की संख्या
    - सवर्धन का माध्यम, यदि कोई संवर्धन निर्माण के दौरान किया गया

घ) बजट विवरण

- आवेदक को निम्नलिखित विवरण भरना होगा:
    - निर्माता, निर्देशक, अभिनेता, अभिनेत्री, क्रू सदस्य आदि का अनुमानित बजट (भारतीय रुपये में)
    - डिजिटल प्रारूप में फिल्म निर्माण का अनुमानित बजट (भारतीय रुपये में)
    - फिल्म निर्माण की अनुमानित लागत (भारतीय रुपये में)
    - साथ में, अनुमानित बजट से संबंधित सी.ए. प्रमाण पत्र पीडीएफ / जेपीईजी / जेपीजी प्रारूप में अपलोड करें, जिसका आकार प्रत्येक 2 एमबी से अधिक नहीं होना चाहिए

किसी विशेष प्रकार के विवरण को जोड़ने के लिए बजट अलग से Add (+) बटन पर क्लिक कर के दर्ज किया जाना है ।

सभी विवरण भरने के बाद, निर्माता को भरे हुए आवेदन पत्र का पूर्वावलोकन करने के लिए पुनर्निर्देशित किया जाएगा। निर्माता आवश्यक विवरण (यदि कोई हो) को संपादित कर सकते हैं। विवरण संपादित करने के बाद (यदि कोई हो), तो घोषणा चेकबॉक्स चुनें और 'सबमिट' बटन पर क्लिक करें। अंतिम बार जमा करने के बाद आवेदन पत्र में कोई बदलाव नहीं होने दिया जाएगा।

चरण 4 – अनुवृत्ति हेतु आवेदन करें तथा प्रसंस्करण शुल्क ऑनलाइन भुगतान करें

फिल्म प्रोफाइल बनाने के बाद, यदि लागू हो, तो किनारे उपलब्ध 'सबमिट शूटिंग और बजट विवरण' मेनू पर क्लिक करें और उस फिल्म का चयन करें जिसके लिए आपको अनुवृत्ति के लिए आवेदन करना होगा। इसके बाद, निम्नलिखित विवरण भरें:

- फिल्मांकन हेतु प्रस्तावित स्थल
- ज़िला जहाँ अनुमति की आवश्यकता है
- फिल्मांकन की तिथि
- फिल्मांकन का समय

हर शूटिंग स्थल का विवरण Add (+) बटन पर क्लिक कर के दर्ज करें

उपरोक्त सभी विवरण प्रस्तुत करने के बाद, बैंक से संबंधित विवरण भरें:

- बैंक का नाम
- खाताधारक का नाम
- खाता संख्या
- आई.एफ़.एस.सी. संख्या

बैंक विवरण प्रस्तुत करने के बाद, निर्माता को डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / नेट बैंकिंग के माध्यम से 25,000 रुपये का प्रसंस्करण शुल्क ऑनलाइन भुगतान करना होगा। शुल्क राशि भुगतान के बाद गैर-वापसीयोग्य और गैर-हस्तांतरणीय होगी।

शुल्क भुगतान के बाद निर्माता शुल्क रसीद डाउनलोड कर सकते हैं।

भुगतान के बाद, आगे की कार्रवाई के लिए फिल्म बंधु को आवेदन भेजा जाएगा। निर्माता आवेदन की स्थिति को 'अनुवृत्ति प्राप्त करने हेतु आवेदन' विकल्प से ट्रैक कर सकता है।

फिल्म बंधु द्वारा आवेदन की जांच होगी तथा उसी आधार पर फिल्म की पटकथा को स्वीकार / अस्वीकार करा जाएगा। अगर स्क्रिप्ट को मंजूरी मिल जाती है तो फिल्म बंधु 'फिल्म स्क्रिप्ट अप्रूवल लेटर' जारी करेगा जिसे निर्माता अपने लॉगिन से डाउनलोड कर सकते हैं

यदि फिल्म बंधु आवेदन के संबंध में कोई प्रश्न उठाता है, तो निर्माता को इसका उत्तर / हल जल्द से जल्द 'अनुवृत्ति प्राप्त करने हेतु आवेदन' विकल्प के माध्यम से देना होगा। उत्तर / समाधान हो जाने पर फिल्म बंधु आवेदन के साथ आगे बढ़ेगा।

चरण 5 – फिल्म बजट संबंधी विवरण प्रस्तुत करें और बिल वाउचर अपलोड करें

यदि फिल्म बंधु फिल्म स्क्रिप्ट को मंजूरी देता है, तो पहले से ही प्रस्तुत आवेदन वास्तविक बजट से संबंधित विवरण प्रस्तुत करने और बिल बाउचर को अपलोड करने के लिए फिर से खुलेगा।
निर्माता को निम्नलिखित विवरण जमा करना होगा:

- स्थान जहाँ शूटिंग हुई है
- ज़िला
- फिल्मांकन की तिथि
- फिल्मांकन का समय (24 घंटे)
- निर्माता, निर्देशक, अभिनेता, अभिनेत्री, क्रू सदस्य आदि की वास्तविक लागत (भारतीय रुपये में)
- डिजिटल प्रारूप में फिल्म निर्माण की वास्तविक लागत (भारतीय रुपये में)
- फिल्म निर्माण की वास्तविक लागत (भारतीय रुपये में)

- साथ ही, निम्नलिखित पत्रों की स्कैन की हुई प्रतियों को पीडीएफ / जेपीईजी / जेपीजी प्रारूप में स्कैन करें, जिनका आकार प्रत्येक 2 एमबी से अधिक नहीं होना चाहिए:
    - जिलेवार फिल्म शूटिंग प्रमाण पत्र
    - सेंसर बोर्ड सर्टिफिकेट
    - फिल्म रिलीज प्रमाण पत्र
    - वास्तविक लागत से संबंधित सभी पत्र

सभी विवरण भरने के बाद, निर्माता को भरे हुए आवेदन पत्र का पूर्वावलोकन करने के लिए पुनर्निर्देशित किया जाएगा। निर्माता आवश्यक विवरण (यदि कोई हो) को संपादित कर सकते हैं। विवरण संपादित करने के बाद (यदि कोई हो), तो घोषणा चेकबॉक्स चुनें और 'सबमिट' बटन पर क्लिक करें। अंतिम बार जमा करने के बाद आवेदन पत्र में कोई बदलाव नहीं होने दिया जाएगा।

एक बार उपरोक्त विवरण भरने के बाद, आगे की कार्यवाही के लिए फिल्म बंधु को आवेदन भेजा जाएगा।

आवेदन की जांच के बाद, फिल्म बंधु द्वारा अनुवृत्ति के लिए पात्र होने पर फिल्म के लिए वित्त स्वीकृति पत्र अपलोड कर दिया जायेगा । निर्माता अपने लॉगिन से पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

यदि फिल्म बंधु आवेदन के संबंध में कोई प्रश्न उठाता है, तो निर्माता को इसका उत्तर / हल जल्द से जल्द 'अनुवृत्ति प्राप्त करने हेतु आवेदन' विकल्प के माध्यम से देना होगा। उत्तर / समाधान हो जाने पर फिल्म बंधु आवेदन के साथ आगे बढ़ेगा।